जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करें: कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं, कई मामलों का मौके पर समाधान

**पीपुल्स प्रवक्ता बैतूल।**

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। प्रातः 11 बजे से शुरू हुई इस जनसुनवाई में जिलेभर से आए लोगों ने राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत कीं। कलेक्टर ने कई मामलों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, जबकि शेष प्रकरणों के लिए समय-सीमा निर्धारित करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




जनसुनवाई के दौरान चिचोली निवासी अजय खुरसना ने निजी भूमि पर फसल नष्ट किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार चिचोली को पुलिस के समन्वय से त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं, घोड़ाडोंगरी निवासी मालतीराव की सीमांकन संबंधी शिकायत पर तहसीलदार घोड़ाडोंगरी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

**खसरा रिकॉर्ड सुधार के निर्देश:** आमला तहसील के ग्राम बोड़खी निवासी अल्पना बामने द्वारा खसरा रिकॉर्ड में त्रुटि सुधार के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर कलेक्टर ने भैंसदेही एसडीएम को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार, मुलताई तहसील के ग्राम सूखाखेड़ी निवासी झनक सिंह द्वारा भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग पर तहसीलदार मुलताई को जांच कर कार्रवाई करने को कहा गया। आवासीय पट्टा एवं अन्य समस्याओं पर कार्रवाई: हमलापुर निवासी जमुना विश्वकर्मा ने आवासीय पट्टा की मांग रखी, जिस पर एसडीएम बैतूल को जांच के निर्देश दिए गए। ग्राम कुंडई निवासी नकुल ने गंभीर मरीज के उपचार हेतु आर्थिक सहायता की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) तथा श्रम विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। सोनाघाटी निवासी कमला पंडाग्रे ने भूमि रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध न होने की शिकायत की, जिस पर एसडीएम शाहपुर को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। वहीं, बैतूल निवासी रविंद्र चौकीकर द्वारा खेत तक पहुंच मार्ग की समस्या उठाने पर तहसीलदार आमला को मौके पर जांच कर समाधान करने को कहा गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला प्रशासन की संवेदनशील कार्यवाही, सड़क दुर्घटना पीड़ितों को पहुचाई गई त्वरित राहत

## मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से मिली आर्थिक सहायता

**पीपुल्स प्रवक्ता बनखेड़ी।**





जिला से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मुख्यमंत्री सुरक्षा अनुदान योजना के अंतर्गत जिले में विगत दिनों हुई दुर्घटना के पीड़ित व्यक्तियों के लिए सहायता राशि स्वीकृत की गई है। उल्लेखनीय है कि जिले में हाल ही में नर्मदापुरमङ्कपिपरिया स्टेट हाईवे पर हुई सड़क दुर्घटना के पीड़ितों के लिए जिला प्रशासन द्वारा संवेदनशीलता के साथ त्वरित राहत कार्यवाही की गई है। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार मृतक एवं घायलों को मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान के तहत आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत कर वितरण सुनिश्चित किया गया।

तहसीलदार माखननगर श्री सुनील गढ़वाल ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम आंचलखेड़ा, माखननगर मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में मृत एवं घायल हुए व्यक्तियों के परिजनों को राहत प्रदान की गई। मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान के अंतर्गत मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये, गंभीर घायलों को 1 लाख रुपये तथा अन्य घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई। उन्होंने बताया कि स्वीकृति पत्र ग्राम महेन्दबाड़ी पहुंचकर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रभावित परिवारों को वितरित किए गए। जिला प्रशासन की इस त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही से पीड़ित परिवारों को आर्थिक संबल प्राप्त हुआ है।

## खबर संक्षेप

### 7 मई से अनुत्तीर्ण एवं अंक सुधार हेतु परीक्षा में बैठ रहे विद्यार्थियों

**दमोह।** माध्यमकि शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय वर्ष 2026 की परीक्षा में बैठ रहे छात्र-छात्राओं की नियमित विशेष कक्षाओं के माध्यम से अध्यापन कार्य कराया जा रहा है, विषय शिक्षक विद्यार्थियों को ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों प्रकार से कक्षाओं का संचालन कर रहे हैं, प्रतिदिन विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थी विद्यालय पहुंचकर अपनी कठिन अवधारणाओं का समाधान शिक्षकों से करते हैं। विषय शिक्षकों को अपना परीक्षा परिणाम सुधारने हेतु भी यह एक अच्छा अवसर है, जिसके माध्यम से वह अपने विषय का परीक्षा परिणाम सुधारेंगे। एमएलबी पथरिया, शासकीय हाई स्कूल इटवा हीरालाल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मारुताल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांदकपुर सहित अनेक विद्यालयों में इस तरह की कक्षाओं का नियमित संचालन किया जा रहा है।

### फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर युवक के नाम से ठगी का प्रयास, पुलिस मैं की शिकायत

**तेंदूखेड़ा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक व्यक्ति के नाम से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर लोगों से पैसे मांगने एवं धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक आकाश साहू, निवासी वार्ड क्रमांक 08, विद्यानगर तेंदूखेड़ा द्वारा थाना तेंदूखेड़ा में लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई है। शिकायत में बताया गया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके नाम एवं फोटो का दुरुपयोग करते हुए इंस्टाग्राम पर "prince_sahu.®}_" नाम से एक फर्जी आईडी बनाई गई है। उक्त आईडी के माध्यम से उनके परिचितों एवं अन्य लोगों को मैसेज भेजकर पैसों की मांग की जा रही है। इस कृत्य से न केवल उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि लोगों के साथ ठगी होने की संभावना भी बनी हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना तेंदूखेड़ा पुलिस द्वारा शिकायत पर संज्ञान लिया गया है तथा प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। संबंधित फर्जी आईडी की तकनीकी जांच कर आरोपी की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही साइबर सेल की मदद से उक्त आईडी को शीघ्र हटवाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई है। पुलिस प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे सोशल मीडिया पर प्राप्त संदिग्ध मैसेज या पैसों की मांग पर तुरंत विश्वास न करें तथा किसी भी प्रकार का लेन-देन करने से पहले संबंधित व्यक्ति से सीधे संपर्क कर पुष्टि अवश्य करें।

### करंट लगने से 3 वर्षीय मासूम की मौत

**हटा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सोजना गांव में सोमवार दोपहर एक तीन वर्षीय मासूम की कूलर से करंट लगने से मौत हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए हटा सिविल अस्पताल लाए थे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, सोजना निवासी तीन वर्षीय मोक्ष पुत्र थम्मन सिंह लोधी सोमवार दोपहर नहाकर आया था। इसी दौरान उसने घर में चल रहे लोहे के कूलर को छू लिया, जिससे उसे करंट लग गया। मासूम के चिल्लाने पर परिजनों ने तत्काल कूलर बंद किया और बच्चे को लेकर अस्पताल पहुंचे। हालांकि, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। अस्पताल के ड्यूटी डॉक्टर महिपाल चौधरी ने बताया कि तीन वर्षीय बालक को कूलर का करंट लगने के बाद अस्पताल लाया गया था। जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया गया। बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी।

## बजरंग घाट में भीषण सड़क हादसा, 1 की मौत, 33 घायल

# खैरा से 1 किमी आगे अनियंत्रित वाहन पलटा, महाराष्ट्र के श्रद्धालु हुए हादसे का शिकार

**पीपुल्स प्रवक्ता दामजीपुरा।**

खैरा क्षेत्र से लगभग 1 किलोमीटर आगे स्थित बजरंग घाट में सोमवार रात्रि एक भीषण सड़क हादसा हो गया। श्रद्धालुओं से भरा एक वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वाहन में करीब 40 लोग सवार थे, जिनमें से 33 यात्री घायल हो गए, जबकि एक वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सभी यात्री गुप्तवाड़ा से पूजा-अर्चना कर महाराष्ट्र के भोंडीलावा गांव लौट रहे थे। इसी दौरान घाट के घुमावदार मार्ग पर चालक का संतुलन बिगड़ने से वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया।



**एक की मौत, कई गंभीर:** भीमपुर के बीएमओ डॉ. दीपक निगवाल के अनुसार, हादसे में भुखला पिता बाटू (उम्र 60 वर्ष) की मृत्यु हो गई। कुल 33 घायलों में से 15 की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि अन्य का उपचार भीमपुर स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।

**मौके पर मची अफरा-तफरी:** हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायल यात्रियों की चीख-पुकार से घाट क्षेत्र गूंज उठा। कई यात्री वाहन में फंसे हुए थे, जिन्हें स्थानीय ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना इतनी अचानक हुई कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

**पुलिस और ग्रामीणों ने संभाला मोर्चा:** घटना की सूचना मिलते ही मोहदा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को बाहर निकालकर तुरंत अस्पताल पहुंचाया।

**अस्पताल में जारी उपचार:** सभी घायलों को भीमपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। गंभीर घायलों को विशेष निगरानी में रखा गया है और बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

**प्रारंभिक जांच में चालक की लापरवाही सामने:** प्रारंभिक जांच में वाहन चालक का नियंत्रण बिगड़ना हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। हालांकि, पुलिस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

**प्रशासन की अपील:** घटना के बाद प्रशासन ने घाट एवं घुमावदार मार्गों पर यात्रा करते समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। ओवरलोडिंग और तेज रफ्तार से बचने की भी सलाह दी गई है।

**सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल:** बजरंग घाट जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार हो रही दुर्घटनाओं ने सड़क सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने घाट क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

# वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में खुशी का माहौल बाघों की संख्या पहुंची 30 के पार निगरानी सुरक्षा पर है शावक

## एक साल पहले पेंच टाइगर रिजर्व से लाई गई बाघिन मस्तानी एन-6 ने दिया 4 शावकों को जन्म रिजर्व में बढ़ा बाघों का कुनबा पहुंचा 30 के पार

**विशाल रजक**

**पीपुल्स प्रवक्ता तेंदूखेड़ा।**

बाघों की उपस्थिति सहित भेड़ियों के प्राकृतिक आवास और पक्षियों के अनुकूल होने के चलते विश्व पटल पर अपनी पहचान बना रहे वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में सोमवार की सुबह एक गुफा के बाहर बाघिन के साथ चार शावक देखे गया है गश्ती दल ने उन्हें कैमरे में कैद कर लिया। यह बाघिन-एन 6 है जिसका नाम मस्तानी है जिसे एक साल पहले पेंच टाइगर रिजर्व से रेस्क्यू करके यहां लाया गया था। बाधिन व शावक स्वस्थ बताए जा रहे हैं। दो साल शावकों के विकास के लिए चुनौतीपूर्ण रहते हैं निगरानी के लिए आसपास ट्रैकर कैमरे लगाए हैं। चार शावकों के जन्म के साथ टाइगर रिजर्व में बाघों का कुनबा 30 के पार पहुंच गया है बताया जा रहा है कि चारों शावकों को एक ही बाघिन एन-6 ने जन्म दिया है हालांकि टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने सुरक्षा की दृष्टि से इनकी लोकेशन सहित फोटो आदि जारी करने से बच रहे हैं लेकिन सूत्रों का कहना है कि चारों शावक स्वस्थ है और अपनी मां के साथ सुरक्षित टाइगर रिजर्व क्षेत्र में जंगल को समझ रहे हैं

**वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व ~ एक बार में 3 से 4 शावकों का हुआ जन्म, 65 फीसदी संख्या बाधिन की:** एक साल 2018 में ढाई साल की बाघिन को नौरादेही अभयारण्य (अब वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व) लाया गया था। यह पहला मौका था जब किसी बाधिन ने यहां कदम रखा था। इसके पहले तक यहां पन्ना के बाघ आते-जाते रहे हैं बाधिन राधा एन-1 से वंशवृद्धि के लिए दो माह बाद बांधवगढ़ से साढ़े तीन साल का एक बाघ किशन एन-2 यहां लाया गया। एक साल बाद खुशखबरी आई बाधिन राधा ने पहली बार मई 2019 में तीन शावकों को जन्म दिया। इनमें दो मादा और एक नर था। बाधिन राधा की बेटियां भी बाघों का कुनबा बढ़ा रही हैं। एक बार में 3-4 शावकों को जन्म दे रही हैं। आखिरी बार वंशवृद्धि की खबर एक साल पहले मिली थी, जब बाधिन एन-112 अपने 4 शावकों के साथ कैमरे में कैद हुई थी। टाइगर रिजर्व में करीब 65 फीसदी संख्या बाघिनों की बताई जा रही हैं।

**बनाया गया विशेष सुरक्षा घेरा:** वहीं दूसरी ओर वन अमले द्वार बाघों की सुरक्षा को शत प्रतिशत करने के लिए विशेष सुरक्षा घेरा भी बनाया है। जिसमें प्रशिक्षित लोगों के साथ 150 सुरक्षाकर्मी सुरक्षा के लिए तैनात है। हालाकि अन्य कोई भी जानकारी फिलहाल सुरक्षा कारणों से सामने नहीं लाई जा रही है लेकिन फिलहाल वन अमला बढ़ते कुनवे को लेकर प्रसन्न और सुरक्षा को लेकर आश्वस्त है।

**सभी छह रेंज में घूम रहे बाघ:** विभागीय जानकारी के अनुसार वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में कुल छह रेंज है और इन सभी रेंज में बाघ विचरण कर रहे हैं वन विभाग को सभी रेंज में मिले बाघों के पदचिन्ह इसकी पुष्टि कर रहे हैं। यहां धीरे-धीरे पर्यटन का विस्तार हो रहा है। तीन साल से सफारी भी शुरू हो गई है बाघों के लिए अनुकूल बने टाइगर रिजर्व में अब और ज्यादा तेजी से बाघों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है वहीं बाघों की संख्या बढ़ने के बाद यहां टूरिज्म की भी काफी संभावनाएं है। पर्यटकों को बाघ दिखेंगे तो यहां आने वालों की तादाद भी बढ़ेगी। टाइगर रिजर्व प्रबंधन को पर्यटकों के लिए कुछ सुविधाएं बढ़ानी होंगी आसपास स्टे होम्सए सफारी वाहन और हवाई सेवा की सुविधा मिले तो यहां देश-विदेश से टूरिस्ट आएंगे

**अगले 5 साल में 50 तक पहुंच सकती है बाघों की संख्या, बाहरी बाघों का भी मूवमेंट:** टाइगर रिजर्व के रिटायर्ड एसडीओ सेवाराम मलिक ने बताया कि मदर ऑफ टाइगर रिजर्व राधा और उसकी दो बेटियों के बाद पेंच से लाई गई एक और बाधिन से वंशवृद्धि के अच्छे संकेत हैं। पिछले 8 साल में बाघ संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। यहां बाघों को पर्याप्त आहार व बढ़ते जल स्त्रोतों के साथ आवास के लिए अनुकूल माहौल मिल रहा है। उम्मीद है कि अगले 5 साल में यहां बाघों की संख्या 50 तक पहुंच जाएगी। दमोह सागर व नरसिंहपुर को मिलाकर तीन जिलों में 2339 वर्ग किलोमीटर में फैले इस टाइगर रिजर्व में बाघों के लिए 1414 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र संरक्षित कर कोर एरिया घोषित किया गया है। हर एक के हिस्से में लगभग 59 वर्ग किलोमीटर का एरिया आता है

**इनका कहना:** वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. रजनीश सिंह ने बताया कि पेंच से लाई गई इस बाघिन ने पहली बार बच्चों को जन्म दिया है। टाइगर रिजर्व में बाघों के लिए काफी अनुकूल माहौल है। यही बाघ वंशवृद्धि का बड़ा कारण हैं। बाघिन व शावकों की निगरानी बढ़ा दी गई है ।

# बरगी डैम की दुखद घटना को लेकर ग्राम नोहटा में युवा कांग्रेस का कैंडल मार्च

**पीपुल्स प्रवक्ता दमोह।**

ग्राम नोहटा में युवा कांग्रेस द्वारा बरगी डैम में हुई हृदयविदारक घटना को लेकर श्रद्धांजलि स्वरूप कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस दुखद हादसे में दिवंगत हुए मासूम लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओ एवं ग्रामीणों ने गहरा शोक व्यक्त किया। कार्यक्रम में यश घनघोरिया, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि ष्यह घटना अत्यंत पीड़ादायक है, जिसके जिम्मेदार पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी है।

जिन्होंने रिश्वत लेकर बैन क्रूज भी चलने दिए। इसके साथ ही उन्होंने पर्यटन विभाग के डक् दिलीप कुमार यादव को हादसे का प्रमुख जिम्मेदार ठहराया और दोनों के इस्तीफे की मांग की। दमोह युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दृगपाल सिंह लोधी ने कार्यक्रम के दौरान प्रशासन के रवैये पर सवाल उठाये उन्होंने कहा कि शांति पूर्ण कैंडल मार्च में भी जरूरत से 'यादा पुलिस बल तैनात किया गया जिसमें 4 अलग अलग थाना प्रभारियों के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था, इसके पीछे उन्होंने क्षेत्र में बढ़ती मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी की तानाशाही बताई। कार्यक्रम की




शुरुआत वीरांगना अवंति बाई लोधी की मूर्ति के पास बने प्रांगण से होनी थी लेकिन पूर्व मे ही वहाँ पुलिस प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग कर दी गई थी। मूर्ति पर माल्यार्पण करने से भी रोका गया था लेकिन दृगपाल सिंह लोधी ने बताया कि यहां पुलिस प्रशासन ने मंत्री जी का आदेश न मानकर स्वविवेक से निर्णय लिया और युवा कांग्रेसियों को माल्यार्पण करने दिया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन ने तख्तियाँ भी छीनी जिसमें मंत्री धर्मेंद्र सिंह इस्तीफा दो रिश्वतखोर मंत्री, मौत का सौदागर वांटेड जैसे नारे लिखें थे। युवा कांग्रेस ने मृतको को एक एक करोड़ रूपये, परिजनों को सरकारी नौकरी, एवं पर्यटन मंत्री और डक् को बर्खास्त एवं दोनों पर हत्या के मुकदमे की मांग की।

### जनगणना 2027 का प्रथम चरण सफल, प्रगणक प्रियांश पाठक 5 दिनों में कार्य पूर्ण कर हुए सम्मानित

**दमोह।** नगर पालिका परिषद दमोह अंतर्गत संचालित जनगणना 2027 के प्रथम चरण (भवन एवं मकान सूचीकरण कार्य) में सर्किल क्रमांक ॥स्क्र-225, सर्कल-36 (स्लम एरिया) का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। इस कार्य को प्रगणक प्रियांश पाठक द्वारा अत्यंत तत्परता, लगन एवं दक्षता के साथ मात्र 5 दिनों में पूर्ण किया जाना एक उल्लेखनीय उपलब्धि मानी जा रही है। सीमित समय में गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन का यह उदाहरण अन्य प्रगणकों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरा है। श्री पाठक की इस उत्कृष्ट कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें जनगणना कंट्रोल रूम, मानस भवन में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी मीना मसराम, जिला योजना एवं सांख्यिकीय अधिकारी अलका दास, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सिंह लोधी तथा जनगणना निदेशालय भोपाल की जिला प्रभारी मोना चौहान उपस्थित रही। नगर पालिका परिषद दमोह द्वारा श्री प्रियांश पाठक के कार्य की सराहना करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। साथ ही अन्य सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों से अपेक्षा की गई है कि वे भी इसी प्रकार जिम्मेदारी, तत्परता एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, जिससे जनगणना 2027 का कार्य समयबद्ध एवं सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा सके।

# कॉलेज चलो अभियान' का दूसरा चरण शुरू, घर-घर जाकर विद्यार्थियों को किया जाएगा प्रेरित

**पीपुल्स प्रवक्ता जबेरा ।**

जबेरा में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'कॉलेज चलो अभियान' के दूसरे चरण की शुरुआत कर दी गई है। उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सत्र 2026-27 के लिए यह अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसमें शासकीय महाविद्यालय जवेरा द्वारा व्यापक स्तर पर कार्ययोजना तैयार की गई है।

महाविद्यालय के प्राचार्य मोहित कुमार पांडेय ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और छात्रहितैषी बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत कॉलेज में ÷प्रवेश सहायता केंद्र÷ स्थापित किया गया है, जहां प्रशिक्षित ऑपरेटर विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान करेंगे। साथ ही तकनीकी सहायता के लिए विभागीय हेल्पलाइन नंबर 8000063632 और टोल-फ्री नंबर 18008908399 का भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।अभियान को जमीनी स्तर पर सफल बनाने के लिए एनसीसी और एनएसएस के स्वयंसेवकों की टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें गांव-गांव और शहरी वार्डों में जाकर ऐसे विद्यार्थियों की पहचान करेंगी, जिन्होंने किसी कारणवश अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ दी है। ÷हर छात्र कॉलेज तक÷ के संदेश के साथ स्वयंसेवक घर-घर जाकर विद्यार्थियों को दोबारा उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके अलावा, विद्यार्थियों को विषय चयन (मेजर, माइनर और बहु-संकाय) में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए एक समर्पित काउंसलिंग टीम भी बनाई गई है।अभियान के तहत डिजिटल पंजीयन को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसमें विद्यार्थियों को द्गक्क्ठ्ठ1द्गह्यद्ध मोबाइल ऐप और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही छात्राओं, ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को विशेष प्राथमिकता देने पर भी जोर दिया जा रहा है।प्राचार्य मोहित कुमार पांडेय ने क्षेत्र के अभिभावकों और विद्यार्थियों से अपील की है कि वे इस अभियान का अधिकतम लाभ उठाएं और समय पर अपना पंजीयन सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी विद्यार्थी उच्च शिक्षा से वंचित न रहे।

## नेशनल लोक अदालत के माध्यम से सुलभ व शीघ्र न्याय प्राप्त होता है- प्रधान जिला न्यायाधीश

# नेशनल लोक अदालत के प्रचार वाहन को प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा किया गया रवाना

**पीपुल्स प्रवक्ता दमोह।**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देश पर प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के कुशल मार्गदर्शन में जिला दमोह एवं तहसील न्यायालय हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में 09 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।




जिसमें न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों के साथ ही विद्युत चोरी एवं नगरपालिका के जलकर, सम्पत्ति कर के प्रि-लिटिगेषन प्रकरणों का निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर किया जावेगा। उक्त नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु विद्युत व नगरपालिका दमोह के समन्वय से प्रचार-प्रसार वाहन को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी द्वारा न्यायालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश/प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत उदय सिंह मरावी सहित जिला मुख्यालय में पदस्थ समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ कमलेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार खत्री, जिला अभियंता एमएल साहू, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, चीफ लीगल एड डिफेंस कार्उसिल मनीष नगाइच सहित समस्त डिफेंस कार्उसिल, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुभाष सोलंकी ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को सुलभ व शीघ्र न्याय प्राप्त होता है। वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत 09 मई 2026 के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन के माध्यम से लोक अदालत के लाभ एवं विभागों द्वारा प्रदान की जा रही छूट की जानकारी आमजन तक पहुंचाये जाने हेतु आज प्रचार वाहन रवाना किये गये हैं जो विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर नेशनल लोक अदालत का प्रचार करेगें जिससे जन समुदाय अधिक से अधिक लाभान्वित हो सके। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु संपूर्ण जिले में 20 खंडपीठों का गठन किया गया है।